The defendant has admitted the factum of tenancy and rent as pleaded in the plaint. However, he has denied the rest of the pleadings of the plaintiff. The defendant has contended in his written statement that plaintiff has filed the present suit with the ulterior motive to increase rent. According to the defendant, it has been written in the rent note that the defendant can operate his garment business himself or through his family member. The defendant has further pleaded that the defendant has shifted and is living in Surat with his elder son, but he has not parted with the possession of the suit shop and he is still in possession of the suit shop through 'D', his nephew. Thus, there is no breach of the rent

agreement and of the prevalent law as well. The plaintiff is receiving rent regularly. Thus, the suit is liable to be dismissed. According to the defendant, the enhancement of rent twice is itself a sufficient ground to presume that the plaintiff is not having bonafide requirement of suit accommodation.

**निम्नलिखित अभिवचनों के आधार पर विवाद्यक विरचित कीजिये।**

***वादी के अभिवचन*** –

वादी 'क' ने प्रतिवादी 'ग' के विरूद्ध इन अभिचनों के साथ निष्कासन के लिये वाद प्रस्तुत किया कि हजीरा, ग्वालियर (म.प्र.) स्थित दुकान (जिसे आगे वादग्रस्त दुकान से निर्देशित किया गया है) प्रतिवादी को 200/–रूपये प्रतिमाह पर किराये पर दी गई थी। बाद में वादग्रस्त दुकान का दो बार किराया बढ़ाया गया और वर्तमान में प्रतिवादी किराये के रूप में 650/–रूपये मासिक अदा कर रहा है। आरंभ में प्रतिवादी वादग्रस्त दुकान में रेडीमेड गारमेन्ट का व्यवसाय स्वयं कर रहा था किंतु सन् 2018 में अपनी पत्नी की मृत्यु होने पर वह सूरत (गुजरात) मे रहने लगा एवं दुकान को 'घ' को वादी की सहमति या अनुमति के बगैर उप किरायेदारी पर दे दिया है । वादी को इस दुकान की अपने पुत्र 'ख' के व्यवसाय के लिये आवश्यकता है, जो कि बेरोजगार है। वादी के पास बेरोजगार पुत्र 'ख' के व्यवसाय हेतु अन्य कोई उपयुक्त वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं है।

***प्रतिवादी के अभिवचन*** –

प्रतिवादी ने किरायेदारी और वाद पत्र में अभिकथित किराये के निर्धारण को स्वीकार किया है, लेकिन उसने वादी के अन्य अभिवचनों को अस्वीकार किया। प्रतिवादी ने लिखित कथन में यह दावा किया है कि कि वादी केवल किराया बढ़ाना चाहता है और इसी अन्तरस्थ हेतुक से उसने यह वाद प्रस्तुत किया है। प्रतिवादी के अनुसार किरायानामा में यह लिखा गया है कि प्रतिवादी अपने गारमेन्ट व्यवसाय को स्वयं या अपने परिवार के सदस्य के द्वारा कर सकता है। प्रतिवादी अपने ज्येष्ठ पुत्र के साथ सूरत में रह रहा है किंतु उसने दुकान के कब्जे से अपने आपको पृथक नहीं किया है बल्कि अभी भी अपने भतीजे 'घ' के माध्यम से कब्जे में है। इस प्रकार किरायानामा की शर्तों तथा प्रचलित विधि का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। वादी नियमित रूप से किराया प्राप्त कर रहा है। इस प्रकार वाद खारिज होने योग्य है। प्रतिवादी के अनुसार दो बार किराया बढ़ाया जाना स्वयं में यह उपधारित करने का पर्याप्त आधार है कि वादी को कोई सद्भावी आवश्यकता नहीं है।

## FRAMING OF CHARGES
## आरोपों की विरचना

**Q. 2 Frame a charge/charges on the basis of allegations given here under.-** **10**

**PROSECUTION CASE / ALLEGATIONS** – On 13.02.2019 the prosecutrix 'P' lodged a F.I.R. in police station Kotwali, Narsinghpur alleging that at about 11.00 P.M. when she was sleeping with her two years old son in her house situated at Koshti Mohalla, Narsinghpur, accused "A" entered into her house using a rope, caught hold of her hand and kissed her. As the prosecutrix screamed, witness "K" reached there. Seeing him, accused pushed aside the complainant and ran away. Meanwhile, some other neighbours also reached there and prosecutrix narrated incident to them also. Next day, her husband came back, then prosecutrix lodged F.I.R. at police station Kotwali, Narsinghpur. The Investigating officer registered the crime No. 20/2019 and after investigation submitted the Charge-sheet.

**निम्नलिखित अभिकथनों के आधार पर आरोप विरचित कीजिये –**

***अभियोजन का प्रकरण/अभिकथन*** :– दिनांक 13.02.2019 को अभियोक्त्री 'पी' ने पुलिस स्टेशन कोतवाली, नरसिहपुर में यह अभिकथित करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट लिखाई कि लगभग 11.00 बजे रात्रि को जब वह अपने कोष्टी मोहल्ला, नरसिंहपुर स्थित घर में दो वर्षीय पुत्र के साथ सो रही थी तो अभियुक्त 'ए' उसके घर में रस्सी का उपयोग करते हुये घुसा और उसका हाथ पकड़ लिया और चुम्बन ले लिया। जब अभियोक्त्री चिल्लाई तो वहाँ साक्षी 'के' पहुँच गया और उसे देखकर अभियुक्त ने परिवादिया को धक्का मारा और वह भाग गया। उसी समय कुछ अन्य पड़ोसी भी पहुँच गये और अभियोक्त्री ने उन्हें भी घटना का वृतान्त सुनाया। अगले दिन पति के घर आने पर कोतवाली, नरसिंहपुर में प्रथम इत्तिला रिपोर्ट दर्ज कराई। अन्वेषण अधिकारी ने अपराध क्रमांक 20/2019 पंजीबद्ध किया और अन्वेषण के पश्चात् अभियोगपत्र प्रस्तुत किया।

## JUDGMENT/ORDER (CIVIL) WRITING (CJ-II)
## निर्णय / आदेश (सिविल) लेखन (CJ-II)

**Q. 3 Write a judgment on the basis of pleadings and evidence given below after framing necessary issues and analyzing the evidence, keeping in mind the provisions of relevant Law/Acts :-** **40**

***Plaintiff's Pleadings*** **:-**

1- Plaintiff "A" filed a civil suit against "B" for possession of part of agriculture land bearing Khasra no. 213 measuring 10 X 100 sq. yard (Hereinafter called the suit land). The suit land belongs to the plaintiff and is adjacent to land Khasra number 212 situated on east side of suit land, owned by the defendant "B".

2- The defendant "B" took unlawful possession of the suit land *i.e.* a strip of land measuring 10 X 100 sq. yard bearing khasra number 213. The defendant "B" merged the suit land in his land bearing Khasra number 211 and 212 and enclosed the entire land with barbed wire fencing. The defendant "B" also dug a bore well over the suit land for irrigation of suit land and his land bearing Khasra number 211 and 212 as well.

3- The plaintiff got demarcated the land bearing Khasra number 212 and 213 and thereby ascertained the encroachment of defendant 'B' over the suit land.

4- Consiquently, the plaintiff also served a legal notice to the defendant 'B' to vacate the suit land but the same has been opposed by 'B' the defendant and he has also refused to vacate the suit land.

**Defendant's Pleadings :-**

1- The defendant 'B' filed written statement and pleaded that he had purchased agriculture land bearing Khasra no. 212 measuring 2.50 acres from 'C' vide registered sale deed dated 11-04-2015 for a consideration of Rs. 300000/- (Three lacs). The land bearing Khasra number 213, owned by the plaintiff, is situated in western side to his land bearing Khasra number 211 and 212.

2- After purchase of the land, defendant 'B' raised barbed wire fencing all around the land bearing Khasra number 211 and 212 alongwith suit land and dug a bore well for irrigation.

3- The defendant 'B' has further pleaded that the vendor 'C' was in possession and cultivating the suit land for more than last 12 years. The defendant bonafidely believed that the area enclosed by barbed wire fencing is part of his land bearing Khasra number 212, which has been purchased by him from 'C'. He is not the trespasser of suit land but a bonafide purchaser by paying adequate and proper consideration, without notice that the suit land is the part of land bearing Khasra number 213 owned by the plaintiff.

4- In the alternative, the defendant 'B' has also pleaded that in case the plaintiff succeeds to prove that the suit land is part of land bearing Khasra number 213, the plaintiff may be directed to compensate him by giving the value of the improvement made by defendant or he be directed to sell out suit land to defendant.

**<u>Plaintiff's Evidence</u> :-**

The plaintiff examined himself and one Revenue Inspector 'D' to prove his case. The plaintiff proved his pleadings. In cross-examination, the plaintiff denied that the suit land was in possession of the vendor 'C' for more than 12 years.

The Revenue Inspector 'D' has proved Khasra panchsala, demarcation report and map prepared on the basis of demarcation report in which boundaries of Khasra no. 212 & 213 has been shown specifically. 'D' has also deposed that the suit land marked by red ink 10 X 100 sq. yard is a part of khasra number 213 owned by the plaintiff but such land has been fenced and is in possession of 'B'. In cross-examination he has denied the suggestion of the defendant 'B' that the vendor 'C' was in possession of the suit land for the last more than 12 years. The witness has also stated that on the basis of khasra panchsala of preceding five years, there is no entry about the possession of the vendor 'C' over the suit land.

**<u>Defendant's Evidence</u> :-**

The defendant 'B' has examined himself and the vendor 'C'. The defendant proved his pleadings. He also placed on record and exhibited sale deed dated 11-04-2015 executed by 'C' in favour of the defendant.

In cross-examination he has admitted that the land bearing Khasra number 212 area 2.50 acres purchased by him from vender 'C' was neither measured nor demarcated by the vendor before selling it.

The vendor 'C' has stated that he was cultivating the suit land along with his own land bearing Khasra number 212 for the last more than 12 years but neither the plaintiff nor his deceased father ever objected for the same.

In cross-examination, 'C' has admitted that there is no entry in Khasra of the preceding five years regarding his possession on the suit land. He has also admitted that the plaintiff had informed him about the initiation of demarcation proceedings. He has also admitted that the actual area of land bearing khasra number 212 possessed by him was determined only after the demarcation of land at the instance of the plaintiff.

**Arguments of Plaintiff** :-

The counsel for the plaintiff has argued that the plaintiff has proved his case that the defendant encroached over the suit land illegally and raised barbed wire fencing. He has also argued that plaintiff is entitled to a decree of possession of suit land against the defendant. The defendant did not act in good faith in raising wire fencing and digging bore well. The defendant is not in bonafide possession of the suit land. The Counsel for the plaintiff has also argued that the defendant has not challenged the demarcation report of the revenue officer by filing an appeal.

**Arguments of Defendant** :-

The counsel for the defendant argued that the defendant has acted in good faith in raising the barbed wire fencing under the belief that the suit land is part of land bearing Khasra number 212 purchased by him from 'C'. He has also argued that in case the plaintiff succeeds in proving that the suit land is a part of the land bearing Khasra number 213 and the defendant is to be evicted from the same, the plaintiff may be directed to compensate the defendant by giving the value of the improvement made by him or he be directed to sell out suit land to the defendant.

**निम्नलिखित अभिवचनों के आधार पर विवाद्यक विरचित कीजिये एवं साक्ष्य का विवेचन करते हुए संबंधित विधि/अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिखिये –**

**वादी के अभिवचनः–**

1. वादी 'अ' ने प्रतिवादी 'ब' के विरूद्ध कृषि भूमि माप 10x100 वर्ग गज (इसके उपरांत जिसे वादग्रस्त भूमि कहा जायेगा) जो कि वादी की कृषि भूमि खसरा नं. 213 का भाग है, का आधिपत्य प्राप्त करने के लिये दावा प्रस्तुत किया है । वादी की वादग्रस्त भूमि खसरा नं. 213, पूर्व में स्थित खसरा नं. 212 से लगी हुई है जो प्रतिवादी 'ब' के स्वामित्व की है।

2. प्रतिवादी 'ब' ने उसकी (वादी 'अ' की) भूमि ख.नं. 213 के 10 x 100 वर्ग गज भाग, का अवैध आधिपत्य प्राप्त कर लिया। प्रतिवादी 'ब' ने वादग्रस्त भूमि के सहित उसकी भूमि ख.नं. 211 तथा 212 के चारों ओर कटीले तार की फेंसिंग बना ली। प्रतिवादी 'ब' ने वादग्रस्त भूमि में एक कुआँ भी, वादग्रस्त भूमि और खं.नं. 211 तथा 212 की भूमि पर सिंचाई के लिए खोदा है।

3. वादी ने भूमि ख.नं. 212 तथा 213 का सीमांकन कराया और उसके द्वारा यह निश्चित किया कि प्रतिवादी 'ब' ने वादी की वादग्रस्त भूमि पर अतिक्रमण किया हुआ है ।

4. वादी ने वादग्रस्त भूमि रिक्त करने हेतु प्रतिवादी 'ब' को कानूनी सूचना पत्र भेजा किंतु 'ब' ने उसका विरोध किया और वादग्रस्त भूमि रिक्त करने से इंकार कर दिया।

**प्रतिवादी के अभिवचनः–**

1. प्रतिवादी ने जवाब दावा प्रस्तुत किया और यह बचाव किया कि ख.नं. 212 माप 2.50 एकड़ की भूमि विक्रेता 'स' से तीन लाख रूपये की प्रतिफल में पंजीयत विक्रय पत्र दिनाँक 11.04.2015 द्वारा क्रय की थी। वादी के स्वामित्व की भूमि ख.नं. 213, प्रतिवादी की भूमि ख.नं. 211 तथा 212 के पश्चिम दिशा में स्थित है।

2. भूमि क्रय करने के पश्चात् 'ब' ने ख.नं. 211 तथा 212 की भूमि के चारों ओर कटीले तार की फेंसिंग बनाई और ख.नं. 212 की भूमि में एक कुआँ, भूमि ख.नं. 211 तथा 212 की सिंचाई के लिए खोदा।

3. प्रतिवादी ने आगे बचाव लिया कि विक्रेता 'स' वादग्रस्त भूमि में पिछले 12 वर्षों से अधिक अवधि से कास्त–कब्जे में था। इसलिए प्रतिवादी 'ब' ने सद्भावी रूप से विश्वास करते हुए कि कंटीले तारों से घेरी वादग्रस्त भूमि ख.नं. 212 का हिस्सा है जो विक्रेता 'स' ने उसे पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा विक्रय किया है। वह वादग्रस्त भूमि का अतिक्रमणकारी नहीं है बल्कि बगैर जानकारी कि, वादग्रस्त भूमि वादी के स्वामित्व की भूमि ख.नं. 213 का हिस्सा है, उसके द्वारा उचित मूल्य देकर सद्भाविक क्रय किया गया है ।

4. विकल्प में, प्रतिवादी 'ब' ने यह भी प्रकथन किया कि यदि वादी यह प्रमाणित करने में सफल हो जाता है कि वादग्रस्त भूमि ख.नं. 213 का भाग है, उस स्थिति में वादी को निर्देश दिया जावे कि वह प्रतिवादी को उसके द्वारा विवादग्रस्त भूमि में की गई 'उन्नति' का मूल्य प्रदान करके क्षतिपूर्ति करे अथवा वादग्रस्त भूमि उसे विक्रय कर दे।

**<u>वादी की साक्ष्य :–</u>**

वादी ने उसका प्रकरण प्रमाणित करने के लिए स्वयं तथा राजस्व निरीक्षक 'ड' का परीक्षण किया है। वादी ने अपने प्रकथन को प्रमाणित किया। प्रतिपरीक्षण में वादी ने अस्वीकार किया कि विवादित भूमि पिछले 12 वर्ष से अधिक की अवधि से विक्रेता 'स' के कब्जे में थी।

राजस्व निरीक्षक 'ड' ने पंचसाला खसरा तथा सीमांकन रिपोर्ट को प्रमाणित किया है। सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर तैयार किये गए नक्शा में उसने ख.नं. 212 तथा 213 की सीमाओं को दर्शाया है । साक्षी 'ड' ने यह भी कथन किया कि 10x100 वर्ग गज वादग्रस्त भूमि को लाल स्याही से ख.नं. 213 वादी के स्वामित्व की है किंतु प्रतिवादी 'ब' द्वारा फेंसिंग करके आधिपत्य में ले ली गई है। प्रतिपरीक्षण में इस साक्षी ने प्रतिवादी 'ब' का यह सुझाव अस्वीकार किया कि विक्रेता 'स' इस भूमि के कब्जे में 12 वर्ष की अधिक की अवधि से है। उसने पिछले पाँच वर्षों के खसरा पंचसाला के आधार पर कथन किया कि पिछले पाँच वर्षों में इस भूमि पर विक्रेता 'स' के आधिपत्य की कोई प्रविष्टि नहीं है।

**<u>प्रतिवादी की साक्ष्य :–</u>**

प्रतिवादी ने स्वयं तथा विक्रेता 'स' का परीक्षण किया है। प्रतिवादी ने अपने प्रकथनों को प्रमाणित किया। उसने 'स' द्वारा उसके पक्ष में निष्पादित विक्रय पत्र दिनाँक 11.04.2015 को भी प्रमाणित किया।

प्रतिपरीक्षण में उसने स्वीकार किया कि खसरा नं. 212 की भूमि रकबा 2.50 एकड़ विक्रेता 'स' द्वारा उसे विक्रय करने से पहले न ही माप नहीं की गई थी और न ही उसका सीमांकन किया गया था।

विक्रेता 'स' ने कथन किया कि वह विवादग्रस्त भूमि को अपनी ख.नं. 212 की भूमि के साथ पिछले 12 वर्षों से अधिक की अवधि से कास्त करता रहा तथा न तो वादी ने और न ही उसके पिता (मृतक) ने इस बाबत् कभी कोई आपत्ति की।

प्रतिपरीक्षण में 'स' ने स्वीकार किया कि पिछले पाँच साल के खसरे में वादग्रस्त भूमि पर उसके आधिपत्य की कोई प्रविष्टि नहीं है। उसने यह भी स्वीकार किया कि वादी द्वारा प्रारंभ की गई सीमांकन कार्यवाही में उसे सूचना दी गई थी। उसने यह भी स्वीकार किया कि वादी के द्वारा पहल किये जाने पर भूमि का सीमांकन कराने पर ही उसके ('स' के) आधिपत्य की भूमि ख.नं. 212 का वास्तविक क्षेत्र निश्चित हुआ था।

**<u>तर्क वादी:–</u>**

वादी के अधिवक्ता ने तर्क किया कि वादी ने अपना यह प्रकरण प्रमाणित कर दिया है कि प्रतिवादी ने वादग्रस्त भूमि पर अतिक्रमण किया और कटीले तार की फेंसिंग लगाकर अवैध रूप से अपने भूमि में समाहित किया। वह प्रतिवादी को वादग्रस्त भूमि से निष्कासित करने तथा उसका आधिपत्य वापस प्राप्त करने की आज्ञप्ति पाने का अधिकारी है। प्रतिवादी ने फेंसिंग लगाने और कुआँ खोदने में सद्भाव में कार्य नहीं किया। वह वादग्रस्त भूमि पर सद्भावी आधिपत्य नहीं रखता। वादी के अधिवक्ता द्वारा यह भी बहस की गई कि प्रतिवादी द्वारा राजस्व अधिकारी की सीमाकंन रिपोर्ट को अपील द्वारा चुनौती नहीं दी।

<u>तर्क प्रतिवादी :–</u>

प्रतिवादी के अधिवक्ता ने तर्क किया कि उसने कटीले तार की फेंसिंग लगाने और कुआँ खोदने का कृत्य सद्भाव में यह विश्वास करते हुए किया कि यह वादग्रस्त भूमि उसके द्वारा क्रय की गई ख.नं. 212 की भूमि का भाग है। यदि वादी यह प्रमाणित करने में सफल हो जाता है कि वादग्रस्त भूमि ख.नं. 213 का भाग है और प्रतिवादी को उससे निष्कासित किया जाता है, तब वादी को निर्देशित किया जावे कि वह प्रतिवादी को उसके द्वारा की गई 'उन्नति' का मूल्य प्रदान करके क्षतिपूर्ति करे अथवा वादग्रस्त भूमि उसे विक्रय कर दे।

## JUDGMENT/ORDER (CRIMINAL) WRITING (JMFC)
## निर्णय/आदेश (दांडिक) लेखन (JMFC)

**Q. 4 Frame the charge and write a judgment on the basis of the allegations and evidence given hereunder by analyzing the evidence, keeping in mind the relevant provisions on the concerning law.** **40**

***Prosecution Case*** :-Prosecution story in nutshell is that in the night of 2nd July 2018 at about 08.15, complainant Ramesh who is a lame, reached his home at Kandeli Narsinghpur, and found accused Manu and Ballu having liquor in front of gate of his home. Ramesh warned them not to consume liquor. Accused Manu and Ballu used filthy language about his mother and sister and also said that a lame cannot do anything to them. Ramesh entered his house and requested both the accused not to consume liquor as that was his prayer time, thereafter both the accused entered in to the house of Ramesh and thrashed him with kick and fists. Manu picked up a stick and gave a stick blow to Ramesh resulting injury to little finger of his left hand. On screaming of Ramesh, Rahees and Ramlal came there and rescued him. Thereafter, both the accused went away from the spot and Ramlal took injured Ramesh to Police Station Kotwali, Narsinghpur on his bicycle where Ramesh lodged a complaint against the accused persons.

The injured Ramesh was medically examined on the instance of police station Kotwali, in District hospital, Narsinghpur. As per medical report, three injuries *i.e.* on right cheek, back and little finger of left hand caused by hard & blunt object within 24 hours of examination were found on the body of Ramesh. X-ray was advised for the injury of little finger of left hand, in which fracture was reported by Radiologist on examination of X-ray film. Investigating officer prepared a spot map on 3rd July 2018 and recorded the statements of witnesses. Investigating Officer arrested both the accused on 5th July 2018 and prepared memo of arrest and seized a stick of Babool from accused Manu in the presence of witnesses. Completing investigation a charge sheet was filed in the court.

***Defence Plea*** :- Both the accused advanced defence that the complainant has grudge with them because they did not lend money to him. The accused persons took a defence that complainant Ramesh fell down due to deformity in his leg and he has lodged a false complaint against them to get monetary benefits in the name of injuries.

***Evidence for prosecution*** :- Complainant Ramesh (P.W.1) stated that, in the night of 2nd July 2018 at about 08.15, complainant Ramesh who is a lame, reached his home at Kandeli Narsinghpur, and found accused Manu and Ballu having liquor in front of gate of his home. Ramesh warned them not to consume liquor. Accused Manu and Ballu start abusing for his mother and sister and said a lame cannot do anyting to them. Ramesh entered his house. Thereafter, both the accused also entered in the house of Ramesh

and beat him with kicks and fists. Manu picked up a stick lying nearby and gave a stick blow to Ramesh and he got injuries in the little finger of left hand. The complainant went to police station Kotwali, Narsinghpur and lodged a complaint exhibit P-1.

Dr. Manoj Shrivastava (P.W.2) stated that the injuries on the body of Ramesh (P.W.1) may be caused by hard and blunt object inflicted within 24 hours of examination and a fracture of little finger of left hand was found.

***Evidence for defence*** :- Accused persons examined his neighbour Shyam (D.W.1) who deposed that Ramesh has also lodged same type of complaints with the similar type of allegations against two another persons and compounded the same after getting money. On refusing to advance money to complainant, he has filed present false report against them.

***Arguments of Prosecutor*** :- Prosecution case is supported with medical evidence. There is no ground in existance to disbelieve the testimony of victim. So, both the accused are liable to be convicted under section 294, 452 and 325 of Indian Penal Code.

***Arguments of Defence Counsel*** :-No independent witness from the locality has been examined by prosecution. As per opinion of Dr. Manoj Shrivastava (P.W.2) the injuries found on body of Ramesh may be inflicted due to falling down. Their defence is proved to the preponderance of probability. So, they are entitled to be exonerated from the charges with which they are subjected to the trial.

**नीचे दिये गये अभियोजन के मामले के आधार पर आरोप विरचित करें तथा नीचे दिये गये तथ्यों, साक्ष्य व तर्कों के आधार पर विचारणीय बिन्दु बनाकर, एक सकारण निर्णय लिखिये –**

***अभियोजन का प्रकरण*** :– अभियोजन की कथा संक्षेप में इस प्रकार है कि दिनाँक 02 जुलाई, 2018 को रात्रि करीब 08.15 बजे फरियादी रमेश जो कि एक पैर से लंगड़ा है बाहर से अपने घर कंदेली, नरसिंहपुर पहुँचा तो उसके दरवाजे पर आरोपी मनू तथा बल्लू बैठकर शराब पी रहे थे। रमेश ने शराब न पीने के लिये चेताया तो आरोपीगण ने उसे माँ बहन की गन्दी गालियाँ दी और उससे कहा कि वह लंगड़ा उनका क्या बिगाड़ लेगा, तब रमेश घर के अन्दर चला गया तथा उसने उनसे कहा कि उसकी पूजा का समय है आरोपीगण कृपया वहाँ शराब न पियें। तब आरोपीगण घर के अन्दर घुस गये और लात–घूसों से रमेश की मारपीट की। मनू ने वहाँ से एक डण्डा उठाकर रमेश को मारा जिससे रमेश के बाँये हाथ की छोटी उंगली में चोट लगी। रमेश के चिल्लाने पर रहीश तथा रामलाल वहाँ आ गये जिन्होंने बीच–बचाव किया। तब आरोपीगण वहाँ से चले गये। रमेश को रामलाल सायकिल पर बैठाकर थाना कोतवाली, नरसिंहपुर ले गया जहाँ रमेश ने आरोपीगण के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाई।

पुलिस थाना कोतवाली से रमेश को मेडीकल जाँच के लिये अस्पताल भिजवाया गया। शासकीय चिकित्सालय, नरसिंहपुर में जाँच के अनुसार रमेश की जाँच हुई तथा उसके शरीर पर तीन विभिन्न चोटें पाई गईं जो उसके दायें गाल पर, पीठ पर तथा बाँये हाथ की छोटी उंगली पर थी जो कुन्द एवं कठोर शस्त्र से होकर परीक्षण के पिछले 24 घण्टे की हो सकती थी। रमेश की बाँये हाथ की उंगली की चोट के लिये एक्स–रे की राय दी गई तथा एक्स–रे कराये जाने पर उंगली में अस्थि भंग पाया गया। अनुसंधान अधिकारी ने दिनाँक 03 जुलाई, 2018 को घटनास्थल पर जाकर मौका नक्शा बनाया तथा गवाहों के कथन लेकर अंकित किया। दिनांक 05 जुलाई, 2018 को दोनों आरोपीगण मनू तथा बल्लू को गिरफ्तार कर पंचनामे बनाये गये तथा आरोपी बल्लू के पेश करने पर एक बबूल का डण्डा गवाहों के सामने जप्त किया गया। आवश्यक अनुसंधान के उपरान्त अभियोगपत्र इस न्यायालय में पेश किया गया।

**प्रतिरक्षा अभिवाक** :– अभियुक्तगण का बचाव है कि फरियादी रमेश उनसे रंजिश रखता है। क्योंकि उसके माँगने पर वे उसे उधार नहीं दिया। फरियादी लंगड़ा होने की वजह से स्वयं गिर पड़ा है और गिरने से आई अपनी चोटों का लाभ उठाने के लिये उसने इस प्रकार की झूठी रिपोर्ट की है।

**अभियोजन की साक्ष्य** :– फरियादी रमेश (अ.सा.1) का कहना है कि 02 जुलाई, 2018 की रात्रि को जब वह अपने कंदेली, नरसिंहपुर स्थित घर पहुँचा तो उसके दरवाजे पर अभियुक्त मनु एवं बल्लू बैठकर शराब पी रहे थे। उसने शराब न पीने के लिये चेताया तो अभियुक्तगण ने उसे माँ बहन की गन्दी गालियाँ दी और कहा कि वह लंगड़ा उनका क्या बिगाड़ लेगा। वह घर के अन्दर चला गया तो अभियुक्तगण भी घर के अन्दर घुस गये और उसे लात–घूसों से पीटा। मनू ने पास में पड़ा एक डण्डा उठाकर रमेश को मारा जिससे रमेश के बाँये हाथ के छोटी उंगली और पीठ में चोटें आई। उसने थाना कोतवाली, नरसिंहपुर पहुंचकर प्रदर्श पी–1 की प्रथम इत्तिला रिपोर्ट लेखबद्ध कराई।

चिकित्सक डॉ. मनोज श्रीवास्तव (अ.सा.2) ने परीक्षण के उपरांत रमेश (अ.सा.1) के शरीर पर पाई गई चोटों को कठोर एवं बोथरी वस्तु से आना बताते हुये बाँये हाथ की छोटी उंगली में अस्थि भंग कारित होना प्रतिवेदित किया है।

**बचाव साक्ष्य** :– अभियुक्तगण की ओर से पड़ोसी श्याम (ब.सा.1) का परीक्षण कराते हुये इस आशय की साक्ष्य प्रस्तुत की कि रमेश पहले भी दो अन्य लोगों के विरूद्ध इसी तरह की रिपोर्ट लिखा चुका है और उनसे धनराशि प्राप्त करके समझौता कर लेता है। अभियुक्तगण द्वारा उधार राशि दिये जाने से इंकार करने के कारण यह मिथ्या रिपोर्ट लेखबद्ध कराई गई है।

**अभियोजक का तर्क** :– अभियोजन का प्रकरण चिकित्सकीय साक्ष्य द्वारा समर्थित है। पीड़ित की साक्ष्य पर अविश्वास किये जाने के कोई कारण नहीं है। अतएव अभियुक्तगण को धारा 294, 452, 325 भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत दोषसिद्ध किया जाये।

**बचाव अधिवक्ता का तर्क** :– अभियोजन ने मोहल्ले के किसी स्वतंत्र साक्षी का कथन नहीं कराया गया है। चिकित्सक डॉ. मनोज श्रीवास्तव (अ.सा.2) ने रमेश के शरीर पर पाई गई चोटों को गिरने से आना संभाव्य बताया है। उनका बचाव संभाव्यताओं की अधिसंभाव्यता के स्तर तक प्रमाणित है। अतएव उन्हें दोषमुक्त किया जाये।

********